Rs. 5/-

ANTAR RASHTRIYA SAHAYOG PARISHAD BULLETIN

Monthly Newsletter of Indian Council for International Co-operation

Vol. 35 No. 7 JULY, 2022 (16 Pages including Cover)

श्री बालेश्वर अग्रवाल जन्मशताब्दी के अवसर पर

17 जुलाई, 1921–13 मई, 2013

स्व. बालेश्वर अग्रवाल जी के 101 वे जन्म दिवस पर सादर नमन और विनम्र श्रद्धांजलि

आत्मकथ्य

✍बालेश्वर अग्रवाल
महासचिव, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद

यह वक्तव्य श्री बालेश्वर अग्रवाल ने गत वर्ष 17 जुलाई, 2011 को नब्बे वर्ष की आयु प्राप्त करने पर लिखवाया था।

जीवन के नब्बे वर्ष पूरे हो रहे हैं। आज जब मैं यह सोच रहा हूँ तो ध्यान में राष्ट्रकवि स्व. श्री माखन लाल चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता 'पुष्प की अभिलाषा' की पंक्तियाँ याद आ रही हैं–

चाह नहीं मैं सुरबाला के, गहनों में गूँथा जाऊँ!
चाह नहीं प्रेमी माला में, बिंध प्यारी को ललचाऊँ!!
मुझे तोड़ लेना बनमाली, उस पथ पर तुम देना फेंक!
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाएँ वीर अनेक!!

राष्ट्र के हित में समाज ने जो निर्देश दिया, उसके अनुसार यथाशक्ति कार्य करने की चेष्टा की। इसमें कितनी सफलता मिली समाज ही तय करे।

सन् 1939 में मैंने मैट्रिकुलेशन परीक्षा पास की। पिताजी की इच्छा थी कि मैं सरकारी नौकरी करूँ। मेरे बड़े भाई डॉक्टर बन चुके थे और दूसरे भाई माइनिंग इंजीनियर थे। मुझे भी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए चुना गया और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला मिल

गया। इंजीनियरिंग मेरी पसंद का विषय नहीं था। प्रथम और द्वितीय वर्ष परीक्षा में अच्छे अंक मिले। मैं चार वर्ष में इंजीनियर बन गया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संपर्क हुआ। मैंने उसके अनुरूप जीवन ढालने का प्रयास किया।

इसके लिए मैंने अविवाहित रहकर काम करने का निर्णय लिया। पिताजी ने मुझे सहयोग दिया। आज मैं पुरानी बातों को सोचता हूँ तो लगता है, निर्णय ठीक रहा।

A.R.S.P. Bulletin

A News & Views Monthly
Published Since 1987

Editor
Keshav G. Parande
(M): 98113 92777

Printer
Avon Printers
D-6, Ranjit Nagar Comm. Complex,
New Delhi-110008
(M): 93123 05230
E-mail: a1printers@gmail.com

Publisher
Keshav G. Parande
Pravasi Bhawan
50, Deendayal Upadhyay Marg,
New Delhi-110002
(M): 98113 92777

Contact
Phone (O) : 011 - 2323 4432

E-mail
arspindia@gmail.com

Website
www.arspindia.org

Price
Rs. 5/- per copy
Rs. 500/- for Life

डालमिया नगर (बिहार) में इंजीनियर के पद पर नियुक्त होकर 1945 से 1948 तक तीन वर्ष तक वहाँ कार्य किया और समाज की सेवा की। दिसंबर 1948 में संघ से सत्याग्रह के अवसर पर भूमिगत हो गया और पटना में मेरे लिए नया कार्यक्षेत्र चुना गया। प्रकाशन कार्य से नया संबंध शुरू हुआ। 'प्रवर्तक' साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन किया। 'चंद्रगुप्त प्रकाशन लिमिटेड' नामक प्रकाशन संस्था की स्थापना की।

1951 में मेरे जीवन का नया अध्याय प्रारंभ हुआ। हिंदुस्थान समाचार समिति के पटना क्षेत्र का उत्तरदायित्व मुझे सौंपा गया, जिसका निवर्हन 30 वर्षों तक (1982 तक) करता रहा। पटना में सफलतापूर्वक कार्य करने के बाद 1955 में मेरा स्थानांतरण दिल्ली कर दिया गया और दिल्ली कार्यालय का उत्तरदायित्व सौंपा गया।

दस वर्षों के बाद 1965 में हिंदुस्थान समाचार की पूरी जिम्मेदारी मुझे सौंप दी गई। इस अवधि में कार्य–विस्तार तेजी से हुआ। सारे देश में इसका कार्य फैल गया। 1974 में पत्रकारिता के क्षेत्र में एक नया प्रयोग किया गया। हिंदुस्थान समाचार के कर्मचारियों ने सहकारिता के आधार पर एक सोसाइटी का गठन किया, जिसने कानूनी ढंग से हिंदुस्थान समाचार समिति का स्वामित्व भी प्राप्त किया। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसादजी ने इसकी सराहना की। पत्रकारिता के क्षेत्र में यह एक अभिनव प्रयोग था।

1982 में राजनीतिक कारणों से हिंदुस्थान समाचार के कर्मचारियों में आपसी मतभेद पैदा हो गया, जिसके कारण सहकारिता विभाग ने हिंदुस्थान समाचार समिति का कार्य अपने जिम्मे ले लिया। इस स्थिति में मेरे लिए हिंदुस्थान समाचार में काम करना संभव नहीं था।

इसके बाद समाज ने मेरे लिए एक नया कार्यक्षेत्र चुना–वह था अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद। भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग विभिन्न देशों में फैले हुए हैं, उनसे संपर्क करना, उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोग देना, संगठन के रूप में कार्य करना बहुत ही कठिन काम था। सभी के सहयोग से इस कार्य में भी मुझे सफलता मिली। श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी ने भी मेरे कार्यों की सराहना की। 30 वर्षों के अथक परिश्रम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद को अब दृढ़ आधार मिल गया है।

भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर प्रवासी भवन के लिए एक प्लॉट आवंटित किया। प्रवासी भवन का निर्माण मेरे लिए एक सपना था, जो सभी के सहयोग से पूर्ण हो गया। इस भवन का शिलान्यास भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 14 दिसंबर, 2003 को किया और इसका उद्घाटन मॉरीशस के राष्ट्रपति सर अनिरुद्ध जगन्नाथ ने 01 दिसंबर, 2009 को किया।

मेरी एक ही आकांक्षा थी–कार्य करते–करते जीवन समाप्त हो जाए। परंतु कुछ महीने से इसमें सफलता नहीं मिल रही है। मुझे प्रवासी भवन में दूसरे के सहारे से जीवनयापन करना पड़ रहा है। फिर भी प्रवासी भवन में रहकर यथाशक्ति काम देखता रहता हूँ। ■

स्वाधीन भारत की भाषाई पत्रकारिता के प्रेरणा-पुरुष

✍ .अच्युतानंद मिश्र

भारतीय भाषाओं की समाचार पत्रकारिता को अंग्रेजी से अनुवाद की निर्भरता घटाने और सुदूर गाँवों तथा उपेक्षित अंचलों के समाचारों को प्रादेशिक और राष्ट्रीय पटल पर महत्त्व देने का पहला ऐतिहासिक प्रयोग जिस बहुभाषिक सहकारी संवाद समिति 'हिंदुस्थान समाचार' ने किया था, उसके संस्थापक तो आदरणीय दादा साहेब आप्टे थे, लेकिन 1950 से आदरणीय बालेश्वर अग्रवालजी के जुडने के बाद न केवल लघु और मध्यम समाचार–पत्रों के लिए बल्कि हिंदी को राजभाषा और अन्य भाषाओं को सरकारी कामकाज की भाषा बनाने के लिए संघर्ष करनेवालों को नई ऊर्जा व ओजस्विता प्राप्त हुई थी। 1955 में दिल्ली आने और 1956 में 'हिंदुस्थान समाचार' को सहकारी संस्था का रूप देने के बाद से बालेश्वरजी की पहचान हिंदी पत्रकारिता और हिंदी भाषा के निष्पक्ष एवं निर्भीक योद्धापुरुष के रूप में होने लगी थी। स्वाधीन भारत में भाषाई पत्रकारिता को सुदृढ़ता प्रदान करने में बालेश्वरजी के इस अभूतपूर्व योगदान को इस तरह भी समझा जा सकता है कि पी.टी.आई. और यू.एन.आई. जैसी अंग्रेजी समाचार एजेंसियों को भी हिंदी समाचार सेवा शुरू करनी पड़ी। उस दौर में जब भाषाई पत्रकारिता की गुणवत्ता, विश्वसनीयता, स्वतंत्रता और सार्थकता का दायित्व संपादकों के नियंत्रण से निकालकर स्वामियों, संचालकों और प्रकाशकों ने स्वयं अपने हाथ में लेना शुरू कर दिया था, सरकारों और विज्ञापनदाताओं की कृपा से उसे उद्योग में रूपांतरित कर रहे थे। बालेश्वरजी ने 'हिंदुस्थान समाचार' को सहकारी संस्था का स्वरूप दिया था। पत्रकार और पत्रकारों की सेवा–शर्तों के लिए श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम और वेतन आयोग (वेजबोर्ड) बनाए जा रहे थे। बालेश्वरजी ने संवाद समिति में कार्यरत सभी कर्मचारियों को उसका अंशधारक स्वामी बना दिया था। साप्ताहिक, पाक्षिक या अन्य समाचार–पत्रों को राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी देने के लिए शुरू की गई 'युगवाणी' सेवा का योगदान भी रेखांकित किए जाने योग्य है।

श्री बालेश्वरजी का भाषाई पत्रकारिता में एक अत्यंत उल्लेखनीय योगदान यह भी है कि उन्होंने राष्ट्रवादी चिंतनधारा से जुड़े विभिन्न भाषा–भाषी युवाओं की एक पूरी पौध को पल्लवित करते हुए आगे बढ़ाया। आगे चलकर उनमें से अनेक युवा अंग्रेजी, हिंदी, बांग्ला, मराठी और अन्य भाषाओं के न केवल यशस्वी पत्रकार, बल्कि संपादक भी बनाए गए। डॉक्टर नंद किशोर त्रिखा, श्री श्याम खोसला, श्री अरविंद घोष, श्री पीयूष कांति राय, श्री राजनाथ सिंह, श्री श्याम आचार्य, श्री शिवकुमार गोयल, श्री आलोक मेहता, श्री रामबहादुर राय सहित दर्जनों नामों का उल्लेख किया जा सकता है। इन सभी वरिष्ठ पत्रकारों की योग्यता और संकल्प का ही यह प्रतिफल था कि पूँजी और साधन–विहीन इस संवाद समिति के समाचारों और पत्रकारों को पत्रकारिता में ही नहीं, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में भी विश्वस्त और सम्मान योग्य माना जाता था। यह तथ्य सबको ज्ञात है कि बालेश्वरजी का प्रभाव और प्रभामंडल का विस्तार संपादकों, संचालकों और हर विचारधारा के राजनेताओं तक था। बालेश्वरजी चाहते तो संवाद समिति के विस्तार के लिए पूँजी जुटाई जा सकती थी, लेकिन उन्हें 'हिंदुस्थान समाचार' के स्वरूप में परिवर्तन अथवा समाचारों की निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ कोई समझौता मंजूर नहीं था।

'हिंदुस्थान समाचार' को पूरे देश में पहुँचाने के साथ ही बालेश्वरजी का एक बड़ा योगदान यह भी है कि उन्होंने 'हिंदी टेलीप्रिंटर' के निर्माण और प्रयोग में बड़ी भूमिका निभाई थी और उन्हें इसके लिए उस समय के राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, श्री पुरुषोत्तमदास टंडन, श्री जगजीवन राम, सेठ गोविंददास, डॉक्टर रामसुमग सिंह, बाबू गंगाशरण सिंह, श्री प्रकाशवीर शास्त्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा अन्य भाषाओं के विद्वान राजनेताओं का सहयोग तथा आशीर्वाद प्राप्त था। अपनी निजी जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि राज्यों में सरकारें चाहे कांग्रेस की हों, संविद की या मार्क्सवादियों की, लेकिन बालेश्वरजी का निजी रिश्ता सभी मुख्यमंत्रियों और विपक्ष के प्रमुख नेताओं से था। मुंबई में एक बार बातचीत में महाराष्ट्र के उस समय के मुख्यमंत्री ए.आर. अंतुले ने मुझे बताया था कि पूरे पत्रकारों में उनकी सबसे अच्छी दोस्ती बालेश्वरजी से है। आपातकाल के दौरान प्रेस पर प्रतिबंध और 'समाचार' के गठन के बाद की कहानी किसी से छिपी नहीं है। उस दौर में और 1980 के बाद श्रीमती इंदिरा गांधी के सत्ता में लौटने के बाद 'हिंदुस्थान समाचार' पर जो संकट आया था और किस तरह पूरी संवाद समिति को निष्प्रभावी किया गया, इसकी कहानी लंबी और दर्दनाक है।

आपातकाल समाप्ङत होने के बाद ही 1978 में 'अंतरर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद्' का पंजीकरण कराया गया था और बालेश्वरजी ही उसके प्रेरणास्रोत थे। उनका बेहद निकट और आत्मीय रिश्ता उन देशों के साथ पहले से ही था, जहाँ भारतीय मूल के लोग रहते हैं। नेपाल, फीजी, मॉरीशस में रहनेवाले भारतवंशियों के साथ तो उनके इतने निकट रिश्ते थे कि उन्हें भारत का अघोषित राजदूत ही कहा जाता था। दक्षिण अफ्रीका, बर्मा, श्रीलंका, कीनिया, सूरीनाम, गुयाना, जमैका के साथ भी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद् ने भारत के साथ सांस्कृतिक और कूटनीतिक संबंध बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों के हर सम्मेलन में बालेश्वरजी की भूमिका देखने योग्य होती थी। गैर–सरकारी स्तर पर कोई एक संस्था कितनी बड़ी सांस्कृतिक भूमिका निभा सकती है, इसका ही प्रत्यक्ष प्रमाण है 'अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद्'। बालेश्वरजी आत्म–प्रचार से विमुख एक ऐसे प्रतिभाशाली पुरुष थे, जिनकी प्रत्येक साँस उन महान आदर्शों से प्रेरित थी, जो हमारे स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों ने तय किए थे। उनके योगदान को समग्रता के साथ अगर देश के युवाओं के सामने रखा जाए तो उन्हें संघर्ष–संकल्प और देशप्रेम की नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

सुप्रसिद्ध पत्रकार, पूर्व कुलपति, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल ■

बालेश्वर जी के अंतरंग में नेपाल भारत संबंध

✍ श्याम परांडे

नेपाल भारत संबंध अनादि काल से चले आ रहे है और वह राष्ट्रीय जीवन के सभी आयामों से जुड़े हुए है। भारत में नेपाल के विषय में हर हमेशा भावनिक एकता रही है और नेपाल में भी इससे कुछ भिन्न नहीं। किन्तु नेपाल में इस बीच कुछ बदल हुए है जिसके कारण भारत में चिंता बढ़ी है। सामान्यतः नेपाली समाज और भारतीय समाज सांस्कृतिक, परम्पराओं से, सामाजिक रूप से ऐतिहासिक समय से पड़ोसी देशों की तरह और एक ही सभ्यता होकर विकसित हुए है। हाल की परिस्थितियां इससे भिन्न है।

नेपाल नरेश महाराज त्रिभुवन बीर बिक्रम के निधन के पश्चात् महाराज महेंद्र बीर बिक्रम ने 1955 में सत्ता संभाली किन्तु उनका विधिवत राज्यभिषेक 2 मई 1956 को हुआ। उन्होंने 15 दिसंबर 1960 संविधान हटाकर पूर्णतःसत्ता स्वय के हाथों में ले ली।

बालेश्वरजी का सम्बन्ध नेपाल से जो विद्यार्थी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय पढ़ने के लिये आते थे उनसे उनके विद्यार्थी दशा में ही आया था और उनमे से जो विद्यार्थी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ते थे या फिर विद्यार्थी संघटनो में सक्रिय होते थे उनसे बहुत घनिष्ठता से होता था। उन्हीं में एक नेपाली विद्यार्थी थे डॉ. तुलसी गिरी, जो बाद में नेपाल के प्रधानमंत्री भी बने। इन सारे संबंधों के कारण बालेश्वरजी को नेपाल की सामाजिक तथा राजकीय परिस्थिति की समझ उन दिनों से ही बनती गई और वे नेपाल के विषय में गहराई से चिंतन करने लगे और वहां के जो सामाजिक तथा राजकीय बदल होते गए उन पर बारीकी से ध्यान रखने लगे। उन्होंने पटना से एक पाक्षिक करीब तीन दशक चलाया जिसका नाम था "नेपाल सन्देश" तथा जिसके संपादन का कार्य उन्होंने श्री रामाश्रय को सौंपा था।

1960 के दशक में हिन्दुस्थान समाचार की जिम्मेदारी के कारण तथा पटना के केंद्र होने के कारण उनका नेपाल के तराई क्षेत्र में हर माह में जाना होता था और कभी कभार काठमांडू भी जाना होता था। जिसके कारण उनके नेपाल के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजकीय नेतृत्व से घने सम्बन्ध बनते गए। इन संबंधों में नेपाल नरेश महेंद्र बीर बिक्रम देव शाह भी थे जिनसे वे आने वाले समय में मिलते रहे और भारत नेपाल का रिश्ता और भी गहन हो इसका वे प्रयास करते रहते थे। बाद में महाराज बीरेंद्र बीर बिक्रम के साथ उनके सम्बन्ध और भी अच्छे बन गए।

1970 के दशक में वे जब हिन्दुस्थान समाचार के कार्यनिमित्त दिल्ली स्थित हो गए तो भारत सरकार के नेतृत्व से भी पत्रकारिता के कारण उनके सम्बन्ध अच्छे बन गए थे। इन संबंधों के कारण भारत सरकार और विशेष कर विदेश मंत्रालय नेपाल के विषय में उनसे चर्चा करती थी और सलाह भी लेती थी। आने वाले समय में भारत के विविध सरकारों ने उन्हें नेपाल के परिवर्तनों के दौरान काठमांडू भेजा। भारतीय जनसंघ के शीर्षस्थ नेतृत्व से उनके संघ प्रचारक के नाते घनिष्ठ सम्बन्ध थे ही किंतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व से सम्बन्ध बन गए थे।

इस लम्बे समय के संबंधों के कारण और योजनाबद्ध प्रयासों के कारण बालेश्वर जी का अधिकार नेपाल में भी सभी राजकीय पक्ष तथा नेतृत्व मानता था। वे सभी दिल्ली आकर बालेश्वर जी से सलाह करते थे तथा जब बालेश्वर जी नेपाल जाते थे तो मिलते थे। बालेश्वरजी का नेपाली कांग्रेस पार्टी में वजन था किंतु वामपंथियों से संबंध कम नहीं थे जिसके कारण दोनों देशों का नेतृत्व उनका भारत नेपाल संबंधों में उपयोग करती थी। श्री रविंद्र किशोर सिन्हा, जो लम्बे समय के लिए उनसे जुड़े रहे और हिन्दुस्थान समाचार में भी कार्यरत थे, कहते है की "पार्टी कोई भी हो, भारत के नेपाल स्थित राजदूत कोई भी हो, बालेश्वर जी भारत के नेपाल निमित्त अनौपचारिक राजदूत बने रहे"।

नीतिगत भारत नेपाल संबंधों की बात करें

नेपाल स्थित राजदूत कोई भी हो, बालेश्वर जी भारत के नेपाल निमित्त अनौपचारिक राजदूत बने रहे"।

नीतिगत भारत नेपाल संबंधों की बात करें तो बालेश्वर जी ने तीन सूत्र थे जिसपर वे लगतार कार्य करते रहे– नेपाल में भी और भारत में भी।

प्रथम दोनों देशों के सामाजिक तथा सांस्कृतिक संबंधों को दृढ करना। नेपाल के पहाड़ी क्षेत्र के सामाजिक नेतृत्व से उनकी घनिष्ठता उतनी ही मजबूत थी जितनी उनकी नेपाल के तराई क्षेत्र के सामजिक नेतृत्व से थी ।

दूसरा है राजकीय स्तर पर संबंध जिसके अंतर्गत वे भारत स्थित सभी विचार प्रवाहों के नेताओं से बातचीत करते, जिसमे भाजपा, कांग्रेस, सोशलिस्ट तथा वामपंथी थे और इन सभी से वे अपनी बात पूर्ण खुलकर करते थे। नेपाल में भी उन्होंने यह नीति अपने और जैसे पहले कहा है की नेपाल में राजावादिओं से लेकर माओवादिओं तक सभी पर उन्होंने अपना प्रभाव संबंधों के आधार पर डाला था।

तीसरा सूत्र था प्रजातंत्र पर आधारित हिन्दू राष्ट्र। इस विषय में दोनों देशों में काफी असमंजस की परिस्थिति थी जो आज भी दिखाई देती है। नेपाल में हिन्दू राष्ट्र को राजावादिओं से जोड़ा जाता है जो ठीक नहीं है। उनकी यह स्पष्टता थी की हिन्दू समाज पारंपरिक रूप से लोकतंत्र को प्रतिष्ठा देता आया है। यह मानना की हिन्दूराष्ट्र में अन्य मतावलम्बिओं पर अन्याय होगा यह सरासर गलत है। नेपाल में आज सेकुलरिज्म के चलते जितना क्रिस्चियन मतांतरण हो रहा है उतना ही राजसत्ता के दौरान भी था। अभी–अभी नेपाल के मुस्लिम समाज से मांग आयी है की सेकुलरिज्म के कारण उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ है और उन्हें राजतंत्र की और लौटने से कोई समस्या नहीं है।

Contd. on page no. 14 →

Beacon Light of Indian Diaspora



✍ *Seshadari Chari*

The Antar Rashtriya Sahayog Parishad (ARSP) was founded in 1978, but the idea of ARSP, (Indian Council for International Cooperation) was probably as old as the first Indian who set out of the confines of his area to explore the world outside.

For Shri Baleshwarji founding the ARSP was not simply an idea but the beginning of realising a grand dream, a dream to weave a network with all the people of Indian origin in every country of their adoption. When he decided to begin this work, he was, like all great men, alone. However, people started pouring in and soon it became a caravan. His one room office and contacts worldwide was all the capital he had. But he began working undeterred. His dream was fulfilled when the foundation stone of the "Pravasi Bhavan" was laid and slowly the institution was built.

All successful achievers are said to be life-long learners, always looking for new people, skills, insights, and ideas. If they're not learning, they feel thay not growing, not progressing towards excellence. Baleshwarji was one such achiever. When he began working on the idea of Indian Diaspora even the terminologies like NRI were not in currency. The idea of People of Indian Origin (PIO) was probably unheard of. We did not have the much hyped ministry for Overseas Indians, as the PIO is now called. It was the result of tireless efforts of one single individual that this term gained popularity and currency.

Even before the formation of the ARSP, Baleswarji had successfully launched the Hindusthan Samachar (HS), a news agency in Indian languages. As a young RSS activist his organisational and administrative qualities were noticed by senior RSS leaders in Patna where he was working around 1950-51. The idea of a news agency had just being developed. It was five or six years after the launch of English and Hindi weeklies by a group of dedicated swayamsevaks of the RSS. Therefore, a news agency was probably a natural step to follow. The growth and spread of Hindusthan Samachar in Patna, Delhi and Nepal is a story worthy of chronicle as an independent write up or even a book. Realising the economic potential of Mumbai (then Bombay) and the need for more capital infusion, Baleshwarji had deputed Shri Ram Shankar Agnihotri to Mumbai in 1973 to look for helping hands. The HS office was a small temporary office in the upmarket Nariman Point opposite the LIC office (Yogakshema), the present state head office of the BJP. As a young RSS activist I was drafted as one of the assistants for the Hindusthan Samachar. Though we did not do very well in collecting money, all the same we made a mark as a news agency. Soon, political events like the railway strike and the Nav Nirman Movement in Gujarat set in motion series of actions impacting politics. The infamous Emergency in 1975 drew the curtains on the fledgling Hindusthan Samachar in Mumbai. But nonetheless, it was my first and lasting association with journalism, for which I remain indebted to Baleshwarji and Ram Shankar Agnihotri.

During his frequent visits to Mumbai Baleshwarji made it a point to meet a number of persons and enlarge the ARSP group. He proposed the idea of starting a news bulletin of ARSP and put in place a small team to produce the journal. The journal did see the light of the day for a few months but soon had to be wound up for want of continued support. Being a person of strong will power, Baleshwarji could not see his ideas not materialising. The publication of the news bulletin from Delhi must have been the result of this experiment.

When I came to Delhi in 1992 as the Editor of ORGANISER, Baleshwarji personally came to see me in my office and thus renewed my ARSP connection once again. He not only wrote regularly on Nepal and Bhutan for ORGANISER but introduced me to a larger world outside. I travelled with him to Nepal, Bhutan, Bangladesh, Myanmar and Mauritius. In all his visits he would introduce me and my paper and insist on full coverage of the political and social situation in these countries as well as the status of the people of Indian Origin there. A tough task master that he was, he would make me file the daily report before dinner, would read it and suggest corrections. (As a result, I was never part of the sightseeing in any of these places, but in retrospect, no regrets. It is a very small price to pay for learning from this noble teacher). In sharp contrast to big ticket meetings, long reports and huge receptions, our visits were on a small shoe-string budget, with every rupee accounted for.

Every living minute of his life Baleshwarji planned for the next step in the history of ARSP. It was difficult to understand his actions but he would gradually reveal his plans and always come up with the perfect team to execute them.

Today, the ARSP has a large presence all over the world and many PIOs turn to ARSP for anything, from finding their roots in a remote village in Bihar to getting to know more about the country of their origin which their forefathers left two-three centuries ago as indentured labourers.

The life and achievements of Shri Baleshwarji is not just a matter of record, but a chronicle of the history of the struggle and success of millions of "pravasi" Indians settled all over the globe, functioning as heads of state, occupying high positions, fuelling the economy of the country of their adoption or shining as bright stars of future.

The ARSP thus, became a platform for the Indian Diaspora, its success story, milestones in their achievements and the challenges they face. Truly speaking the Indian Diaspora is one of the single largest asset we have in our external relations and in our efforts to forge a meaningful and cordial relationship with the outside world. More importantly, every time we look at the issues concerning Indian Diaspora, one can not but think of the pioneer of this movement, Baleshwar Agrawal.

■

Baleshwar Agrawal-In eternal pursuit of National Service

Gopal Arora

"Do not go where the path may lead. Go instead where there is no path and leave a trail."
Ralph W Emerson

Shri Baleshwar Agrawal was born on 17th July 1921 at Balasore(Orissa). He graduated in Engineering from Banaras Hindu University in 1945 and served as an Engineer for three years in Rohtas Industries Ltd. Dalmia Nagar(Bihar).

His public life began in 1949-first as Managing Director, Chandragupta Prakashan Ltd., which was set up as a Public Ltd. Company for publication of Patriotic literature in Hindi and English. He also brought out a Hindi weekly paper under the title 'Pravartak' for a few years.

It was in early 1951 that he was called upon to take up the challenging task of establishing 'Hindusthan Samachar', a multi lingual National news agency. He began his journalistic career from Patna and established the centre in four years. It was during this period that he came inclose contact with Nepal, a contact he has maintained till now. He moved to Delhi in 1955 as the Bureau Chief. he was instrumental in registering the Hindusthan Samachar Cooperative Society with the help of its workers which ultimately took over the control from the Private Ltd. Co. in 1957. During the next decade, the work of the news agency expanded to almost all the State capitals. He was a pioneer in using Nagari script teleprinters for transmission of news from one centre to another. The agency started distributing its news service to all the important Indian language newspapers and also to 'All India Radio' which became it subscriber. he treated journalism as a mission for national service. Many of the present day established journalists learnt their first lessons of journalism from him. He retired from 'Hindusthan Samachar' 1982.

In 1978, Shri Baleshwar Agrawal, along with some other public spirited intellectuals and activists, founded the 'Antar Rashtriya Sahayog Parishad-Bharat'(ARSP) and thus started a news chapter in the history of Indian Diaspora. ARSP was instrumental in making a bride between Mother India and its 25 million strong Diaspora settled around the globe. In 1983 Shri Agrawal took over as the Secretary General and under his leadership, ARSP emerged as one of the most effective and prestigious organization of Indian Diaspora.

Such has been the scope and importance of Shri Agrawal's work that several Indian origin Heads of State, Prime Ministers and Parliamentarians of countries with significant presence of Indian Diaspora are his admirers and respect him as the father figure of Indian Diaspora organizations.

He has traveled extensively across the Indian Diaspora countries. He led several goodwill delegations to these countries.

He has played a key role in many landmark developments. Under his leadership, the ARSP has, over the years, organized many International and National conferences, Symposiums and programmes to focus on the need for closer interaction with the Indian Diaspora.
ARSP organized Four International Conferences including one of GOPIO. As a result of his persuasion, the Government of India appointed, in August 2000, a High Level Committee on Indian Diaspora under the chairmanship of Dr. L. M. Singhvi. Shri Baleshwar Agrawal was a prominent member of the four member committee. This Committee made far reaching recommendations, many of which were accepted by the Government. A separate Ministry of Overseas Indian Affairs; Organizing of annual Pravasi Bhartiya Divas; issue of Dual Citizenship to PIO's and voting rights to NRI's are some of the landmark decisions by the Government of India, which were based on December 2001 report of the High Level Committee.

Shri Atal Bihari Vajpai, then Prime Minister of India had lauded Baleshwarji's contribution in 2003 in these words- "... the credit for all that happened on 9th January, (Pravasi Bharatiya Divas celebrations), should ho to Shri Baleshwar Agrawal, Secretary General of the A.R.S.P. He was the initiator of co-ordination the people of Indian origin living in different parts of the world. It was a challenging task but he could do it.'

His Passion for journalism continued along with his pursuit for engaging with the Indian Diaspora. Under his

Contd. on page no. 10

बालेश्वर जी के विराट व्यक्तित्व की सादगी

✍डॉ. जवाहर कर्नावट

बालेश्वर जी से मेरा पहला परिचय सन 1999 की मारीशस यात्रा के दौरान हुआ था। महाशिवरात्रि के अवसर पर जा रहे गुडविल प्रतिनिधिमंडल में मैं भी शामिल था। मॉरीशस की इस यात्रा में मुझे यह अहसास हुआ कि बालेश्वर जी का कार्य क्षेत्र कितना व्यापक है और भारतवंशियों में वह कितने लोकप्रिय हैं। मॉरीशस के तत्कालीन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गणमान्य नागरिकों द्वारा बालेश्वर जी के प्रति जो सम्मान व आत्मीयता का भाव हमें देखने को मिला वह निश्चित ही हमें भी गौरवान्वित करने वाला था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद के माध्यम से संपूर्ण विश्व के भारतवंशियों को एकजुट करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी दिव्य दृष्टि में यह कार्य सर्वत्र भारतीयता को स्थापित करने जैसा था। विश्व भर में फैले भारतीयों को एकजुट कर एक मंच पर लाने का प्रयास आसान नहीं था किंतु बालेश्वर जी ने अपनी अद्भुत संगठन एवं नेतृत्व क्षमता से यह कार्य कर दिखाया। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद के महासचिव के रूप में बालेश्वर जी ने भारतीय डायस्पोरा को समृद्ध करने के अनगिनत प्रयास किए। डायस्पोरा के देशों के प्रवासी भारतीयों में भारत और भारतीय संस्कृति के प्रति विशेष सम्मान का भाव जागृत करने के लिए अनेक कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं का आयोजन परिषद की ओर से बालेश्वर जी ने किया। अपने पूर्वजों के बारे में जानने और समझने के लिए भारत में उनकी जड़ों तक पहुंचाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद की विशेष भूमिका बालेश्वर जी के कारण ही संभव हुई। विश्व भर में फैले भारतीयों की संघर्ष गाथा को सामने लाने और उन्हें मंच पर लाने का कार्य गोपियो (GOPIO) के माध्यम से हुआ। बालेश्वर जी के विशेष प्रयत्नों से 28 से 29 नवंबर 1998 को पूरे विश्व में फैले हुए भारतीय मूल के सांसदों का सम्मेलन दिल्ली में संसद भवन एनेक्सी में संपन्न हुआ था। यह देश के लिए अत्यंत गौरव का क्षण था, जब पूरे विश्व के भारतीय मूल के सांसदों ने भारत के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हुए अपनी समृद्धि में भारत के योगदान की सराहना की थी। यह भारतीय मूल के लोगों को भारत से जोड़ने की सार्थक पहल थी जो बालेश्वर जी के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाई। बालेश्वर जी की इस पहल से भारत सरकार का विदेश मंत्रालय भी सजग हुआ और प्रवासी भारतीयों के लिए एक स्पष्ट योजना भी तैयार की गई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद की विशेष भूमिका रही। यद्यपि परिषद किसी भी राजनीतिक विचारधारा से परे विशुद्ध रूप से

मॉरीशस के प्रख्यात हिंदी लेखक स्व अभिमन्यु अनत के निवास पर
उनके साथ श्री बालेश्वर अग्रवाल जी और डॉ जवाहर कर्नावट

भारतीय डायस्पोरा को विस्तार देने एवं उसके साहित्य को विस्तारित करने में अग्रणी रही है। परिषद ने अनेक प्रकाशनों के माध्यम से संपूर्ण विश्व में भारतवंशियों की अपने बलबूते पर समृद्धि हासिल करने की गाथा को बखूबी चित्रित किया है। Pioneers of Prosperity पुस्तक में एशिया, अफ्रीका ,यूरोप, उत्तरी अमेरिका और कैरिबियन देशों में भारतवंशियों के आगमन, उनके संघर्ष और सफलताओं को व्याख्यायित किया गया है। इस पुस्तक में बालेश्वर जी का लेख 'Importance of the PIO' भी प्रकाशित हुआ है जिसमें उन्होंने दर्शाया है कि इन 25 से अधिक देशों में 70 से अधिक भारतवंशी प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्री पद पर आसीन हैं। इसके अलावा 300 भारतवंशी इन देशों में संसद के सदस्य हैं. इस प्रकार के प्रकाशन भी श्री बालेश्वर जी की सोच और दृष्टि का ही सुफल था.

मुझे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिनांक 6 जनवरी 2001 को भारत में पहली बार आयोजित छठे गोपियो (GOPIO) सम्मेलन में हिस्सेदारी का अवसर भी श्री बालेश्वर जी के कारण ही प्राप्त हुआ था। विश्व भर में फैले भारतवंशियों का यह सम्मेलन अद्वितीय रहा। इस सम्मेलन ने हमारी 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को भी चरितार्थ किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने इस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए संपूर्ण विश्व के भारतवंशियों को भी आव्हान किया कि वे अपने अपने देश में लहरा रही भारतीय पताका को निरंतर गौरवान्वित करते रहे। इस भव्य आयोजन से बालेश्वर जी की वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रवासी भारतीयों के बीच उनकी गहरी पैठ का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

बालेश्वर जी ने एक पत्रकार के रूप में भी अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। हिंदी समाचार एजेंसी हिंदुथातान समाचार को स्थापित करने में बालेश्वर जी का योगदान किसी से छिपा नहीं है। हिंदी में टेलीप्रिंटर से समाचार प्राप्त करने के माध्यम ने उन सैकडों पत्रकारों को राहत प्रदान की जिन्हें मजबूरन समाचारों का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करना होता था। यह पत्रकारिता में हिंदी को स्थापित करने की एक महत्वपूर्ण पहल रही।

बालेश्वर जी से मेरी मुलाकात अनेक बार गोल मार्केट स्थित परिषद के कार्यालय में हुई। सन 1999 में छठे विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन लंदन में हो रहा था। इस सम्मेलन में मुझे भी पेपर प्रस्तुत करना था किंतु लंदन की यात्रा की व्यवस्था करना मेरे लिए इतना सहज नहीं था। इस सम्मेलन में बालेश्वर जी ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद की ओर से भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुझे भी शामिल कर मेरी राह आसान कर दी। इस प्रतिनिधि मंडल ने लंदन के साथ ही कुछ यूरोपीय देशों की यात्रा भी की। गोल मार्केट, दिल्ली के इस कार्यालय में बैठकर ही बालेश्वर जी ने प्रवासी भवन की कल्पना को साकार किया। आज प्रवासी भवन को देखकर यही प्रतीत होता है कि बालेश्वर जी की एक व्यक्ति नहीं अपितु स्वयं में संस्था के पर्याय बन गए थे। ■

Dialogue with Diaspora

Indian Diaspora in Trinidad and Tobago

✍ *Dr Ruchi Verma*
Research Fellow
DRRC-ARSP

Diaspora Research and Resource Centre (DRRC), Antar Rashtriya Sahayog Parishad (ARSP), New Delhi has started a fortnightly virtual programme, 'Dialogue with Diaspora' in which, important members of Indian diaspora from different countries and well-known Indian experts are invited to share their ideas and experiences for deepening their engagement with India and for networking with global PIOs.

As part of this series, tenth session on Indian Diaspora in Trinidad and Tobago was organised on Tuesday, 21 June 2022. Mr Paras Ramoutar, who is a renowned Journalist in Trinidad and Tobago, was the key speaker. The programme was chaired by Shri Shyam Parande, Secretary General and moderated by Prof. Gopal Arora, Secretary, ARSP. Shri Narayan Kumar, Hon. Director, Shri Mukesh Aggarwal, Vice President, Mrs Renu Sharma, Shri Sanjay Ganjoo, executive committee members of ARSP and Dr Ruchi Verma, Research Fellow, DRRC joined in the discussion.

Mr. Ramoutar shared his personal experience as an Indo-Trinidadian. He shed some light on the struggles and discrimination faced by the Indian community in Trinidad. He also mentioned about some prominent members of Indian community in Trinidad like- Former Prime Ministers of Trinidad Shri Basudev Panday and Mrs Kamla Prasad Bissessar, and also about social worker and educationist Shri Satnarayan Maharaj who have done a lot for the betterment of the country as well as for Indian community in Trinidad. He however, stressed on the need of emergence of an effective and strong leadership among the youth of the Indian community.

While referring to the celebration of the entire month of May as 'Indian Heritage Month' in Trinidad & Tobago and also 30th May as the Indian Arrival Day, Mr. Ramoutar mentioned that Indians are celebrating it with full vigor after two long years of inactiveness due to covid. Several Indian classical dance and music performances like Chatni music are being organised at National Council for Indian Culture (NCIC). He also mentioned about the Ram Leela performances and celebration of every Indian festivals with full enthusiasm and spirit by the Indian community. He however suggested that Indian government need to make efforts and start programmes to revive the thoughts and ideas of Swami Vivekananda, Mahatma Gandhi, Ravindranath Tagore, Radha Krishnan, etc among the Indo-Trinidadian youth to make them connected with India.

Some important suggestions emerged during the discussion are given below:

- It was suggested that some interactive programmes should be designed with the help of ARSP for promoting and strengthening Indian culture in Trinidad and Tobago. More insights and depth of the Indian traditions should be provided to the Indian community through these programmes.

- Proposal to start online classes in Hindi for people of Trinidad especially among the youth for reviving the Hindi language. Hindi Classes should be started at primary and secondary level by the High Commission of India and Indian Culture Centre in Trinidad & Tobago.

- It was also suggested to sign the MoU's for higher level teaching and research in Hindi with universities and implement the same as soon as possible.

- Suggestion has also been made to establish a School of Indian Classical Dance and Music with the help of Indian embassy in Trinidad and Tobago.

- There is need to mentor younger generations not only in political leadership but also in the field of social, cultural and entrepreneurial leadership.

The participants praised this dialogue with diaspora initiative and suggested to have more

such sessions with PIOs in Caribbean countries to address their needs and expectations.

** The full recording of the event is available at the link given below: https://youtube.com/watch?v=tXH6hD6WNy4&feature=share ■

Genesis of Indian Arrival Day as a national holiday in Trinidad and Tobago

Paras Ramoutar

After 150 years of Indian Arrival, it was only in 1995, that the Government of Trinidad and Tobago opted to announce a day marking the first arrival of over East Indians here, May 30, 1845.

The Patrick Manning Government had announced that May 30, 1995 would be called Arrival Day, which was a one all day. In 1996, when Basdeo Panday came to the political throne he feverishly announced that May 30 will be Indian Arrival Day which was to be etched in our national calendar.

Despite earlier attempts by the Indian Revival and Reform Committee led by Ramdath Jagessar, the Hindu Seva Sangh with Dool Hanoomansingh and others, the Indian Review Committee led by Kamal Persad and Ashram Maharaj, the Sanatan Dharma Maha Sabha , it was former Member of Parliament for Oropouche, Trevor Sudama who moved a motion in Parliament on October 28, 1994 to have Indian. Arrival Day declared a national holiday annually.

And despite stiff opposition within the corridors of Parliament and in public opinion, Sudama successfully moved the motion which was ably seconded by then MP for Caroni Central, Raymond Pallackdharrysingh. Sudama in his presentation made a strong plea which was buttressed by philosophical and sociological data and facts so that he would have left no stone unturned. This he did with great clarity and maturity, and it was passed with contributions from Members of Parliament. One would imagine that the debate was a very emotional issue, and one had to look at the historical antecedents of the whole question of Indian Arrival, as was the case of the Chinese. Syrians, Africans and Europeans coming here, that each group singularly would have called for similar treatment.

Sudama moaned that the Motion to declare Indian Arrival Day a national holiday was on the Order Paper since 1989, but was only afforded the light of the day on October 28, 1994. Notwithstanding the fact the then Prime Minister Dr Eric Williams had announced that both Divali and Eid would be public holidays from 1966, which was an election year. Later, then Prime Minister George Chambers announced in 1982 that Discovery Day, which was celebrated on the first Monday in August, was to be replaced by Emancipation Day August 1. Both Prime Ministers had ignored the presence of the East Indians in Trinidad and Tobago.

It is worth remembering spirited tone of Sudama when he piloted the motion saying that it must be accepted in the , “spirit of light, in that spirit of seeking what is best for the nation, what is best for the people of Trinidad and Tobago, and indeed, of acknowledging the cultural and plural diversity of our society and where are as a nation today”.

“Madam Speaker(Occah Seepaul) we do not want to put the systems of indentureship and African slavery as counterposed; they are different systems; they are different historical experiences. The conditions under which the African slaves were brought in.”

